# जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र/जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, उत्तरकाशी।

## मासिक आख्या–मार्च, 2019

संख्या– 652 /तेरह–आ.प्र./मासिक आख्या दिनांक 10 मार्च, 2019

दिनांक 01.03.2019 को समय लगभग सांय 4:30 बजे तहसील मोरी अन्तर्गत नेटवाड के हिगडा खड्ड के समीप बुलेरो सं0 यू0के0–10–0694 दुर्घटनाग्रास्त हुयी सूचना प्राप्त होते ही जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा पुलिस, 108 सेवा, राजस्व निरीक्षक को सूचना से अवगत काराया उक्त वाहन मे 09 व्यक्ति सवार जिसमें 05 गम्भीर तथा 04 सामान्य घायल हुये है।

दिनांक 05.03.2019 को जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण/जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द के SDRF मद के तहत सुढृढ़ीकरण कार्य का लोकार्पण मा विधायक गंगोत्री विधानसभा क्षेत्र के कर कमलो द्वारा किया गया









दिनांक 08.03.2019 को थाना धरासू के पास स्कूटी दुर्घटनाग्रस्ति हुई जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा पुलिस, 108 सेवा को घटना स्थल के लिए रवाना किया । घटना में एक घायल हुआ है। जिसे सी.एच0सी0 चिन्यालीसौड में भर्ती किया गया।

दिनांक 12 मार्च 2019 में झाला में आयोजित ''Higher Himalayan Hurdle Endurance Race'' में 20–30 प्रतिभागी द्वारा प्रतिभाग लिया जाना है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा दीये गये निर्देशों के क्रम में कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सम्बन्धितों से समन्वय करते हुये उक्त कार्यक्रम हेतु एक एम्बुलेंस मय चिकित्सक कार्यक्रम स्थल पर तैनात किया गया तथा आपातकालीन स्थिति ऐयर एम्बुलेंस के सम्बन्ध में भी समन्वय किया।

**दिनांक 15..03.2019 को तहसील बडकोट के ग्राम ठोल्युका के गोशाला में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। घटना में** 02 भैंस, 02 बेल जलने से घायल हुई और 51 बकरियों की जलने से मृत्यु हुई । जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा पशुपालन राजस्व आदि की टीम तैनाती की गयी।






**दिनांक 17.03.2019 को तहसील चिन्यालीसौड नगुण स्थान के पास एक सैंटरो कार अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट** गयी। जिसमे कुल 05 लोग सवार बताये जा रहे थे 02 को सामान्य चोट आई और 03 लोग सामान्य है जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा 108 सेवा घटना स्थल के लिए रवाना किया घायलों को उपचार हेतु जिला चिकित्यालय में लाया गया




दिनांक 18.03.2019 को यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग डाबरकोट के पास प्रातः 7:18 बजे मलवा आने के कारण अवरुद्व हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा एन.एच. बडकोट से समन्वय कर मार्ग खोलने हेतु मशीनरी की तैनाती करवाते हुये मार्ग प्रातः 9:03 बजे सुचारु किया गया।





दिनांक 26.03.2019 को सांय 6:46 बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग झाला के पास एवलांस आने के कारण मार्ग अवरुद्व हुआ उक्त मार्ग को खोलने हेतु बी0आर0ओ0 की मशीनों द्वारा मार्ग को सांय 8:13 बजे सुचारु किया गया।




**जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र में लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2019 के सफल सम्पादनार्थ निर्वाचन** कन्ट्रोल रूम के रूप में कार्यशील किया गया। तैनात कार्मिकों द्वारा शिफ्टवार तैनात रहकर निर्वाचन सम्बन्धी तैयारी का कार्यों को सफलता पूर्वक किया गया। इसके अतिरिक्त निर्वाचन कन्ट्रोल रूम में कम्युनिकेशन प्लान आदि तैयार किये जाने की कार्यवाही गतिमान है।

**<u>विश्व बैंक पोषित उत्तराखण्ड डिजास्टर रिकवरी परियोजना अन्तर्गत राज्य में भवन निर्माण सम्बन्धी</u>** उपविधियों (Building Byelaws) में आपदा से सम्बन्धित तथ्यों व उनको वर्तमान Building Byelaws में महाहित करने के सम्बन्ध में अध्ययन किये जाने तथा भवन निर्माण उपविधियों के विचारार्थ राज्य में भवन निर्माण एवं आवश्यक संशोधन तथा क्षमता विकास हेतु सलाहकार फर्म द्वारा किये गये कार्यो तथा उनके तैयार की गयी विभिन्न रिपोर्ट के सम्बन्धि में *दिनांक 25 अक्टूबर, 2018 को एक दिवसीय कार्यशाला का अयोजन होटल मधुवन, देहरादून में किया जिसमे आपदा प्रबन्धन अधिकारी द्वारा प्रतिभाग किया गया।*

**आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबन्धन केन्द्र, सचिवालय परिसर, देहरादून द्वारा जनपद के लिये 03 सैटलाईट फोन प्राप्त कर जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, कार्यालय उत्तरकाशी में रखा गया है।**

**शासन द्वारा निर्धारित विजन 2020 के अन्तर्गत जनपद के पंजीकृति महिला मंगल दल एवं युवक मंगल** दालों का 5 दिवसीय प्रशिक्षण एवं ग्राम पंचायत में अवस्थित विद्यालयों में एक दिवसीय जनजागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम चयनित 07 स्वयंसेवी संस्थाओं से करवाये गये है। दिनांक 14.03.2019 तक शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार 65 प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्ण किये गये। सामान्य लोक सभा निर्वाचन–2019 की आचार संहित के कारण प्रशिक्षण कार्यक्रमों रोका गया।

| क्र. सं. | विकास खण्ड का नाम | चयनित स्वयंसेवी संस्था का नाम | पूर्ण किये गये प्रशिक्षण कार्यक्रमों की कुल संख्या | पूर्ण किये गये प्रशिक्षण कार्यक्रमों के केन्द्र / ग्राम का नाम | प्रतिभागियों की कुल संख्या | विद्यालय का नाम जहाँ प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्ण किये गये | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | संख्या | नाम | प्रतिभागियों की संख्या |
| 1 | डुण्डा | श्री भुवनेश्वरी महिला आश्रम, जोशियाड़ा। | 10 | चकोन, भटवाडी, ढुंगालधार, पिपली, कमद, धौन्तरी, सिरी, बडेथी, नेपड़ एवं न्यूगांव | 269 | 09 | हा0स्कूल, चकोना, रा0ई0का0, भटवाडी, प्रा0वि0 दुंगालधार, रा0मा0वि0 पिपली, रा0ई0का0 कमद, रा0ई0का0 धौन्तरी रा0प्र0 सिरी, रा0ई0का0 बडेथ रा0प्रा0 वि0 नेपड | 973 |
| 2 | चिन्यालीसौड | सूर्य सामाजिक सेवा समिति, सुभाष नगर, रूड़की, हरिद्वार | 10 | बधाणगांव, बल्डोगी कुमराडा,बरोल,बडीमणी, बादसी,चमियारी,अदनी रौतल, जोगत मल्ला | 216 | 10 | हाई स्कूल, बधाणगांव, जु0हाई0स्कूल0 कुमराडा,प्रा0वि0 बरोल, बल्डोगी, बडीमणी, प्रा0वि0 बादसी, चमियारी, अदनी, रौंतल, जोगत मल्ला | 360 |
| 3 | | हिमालय पर्वतीय विकास समिति, ग्राम गजा टिहरी गढवाल। | 10 | बागी, मथोली, बमणती, जयेष्टवाडी, जोखणी, गडथ, छैजुला टण्डोल, जिब्या एवं तराकोट | 234 | 10 | प्रा0वि0 बागी, प्रा0वि0 मथोली, प्रा0वि0 मणमती,रा0इ0का0 जेष्टवाडी, गडथ, जू0हा0 जोखणी, जू0हा0 गड़थ, जू0हा0 छैजूला, प्रा0वि0 टण्डोल, रा0इ0का0 जिब्या एवं प्रा0वि0 तराकोट | 341 |
| 4 | पुरोला | हिमालयन पर्यावरण जडी बूटी एग्रो संस्थान उत्तरकाशी | 10 | मठ, खडक्यसेम, देवढुंग, लमकोटी एवं कुमोला, श्रामा, कुरूडा, धिवरा, बेस्टी, श्रीकोट | 259 | 10 | प्रा0वि0 मठ, प्रा0वि0 खडकसेम, प्रा0वि0 लमकोटी, हाई स्कूल कुमोला,प्रा0वि0 उ0मा0वि0 लमकोटी प्रा0वि0धिवरा, प्रा0वि0 रामा एवं उ0मा0वि0 देवढुग | 311 |
| 5 | | हिमालय एजूकेशनल एण्ड हिल्स डेवलपमेन्ट, सोसाईटी | 06 | ठडुंग, स्वील, नेत्री,सौन्दाडी, चन्देली, पाणीगावं | 186 | 06 | प्रा0वि0 हुडोली, प्रा0वि0 ठडुग, प्रा0वि0 सौन्दाडी, प्रा0वि0 चन्देली, प्रा0वि0 नेत्री एवं प्रा0वि0पाणीगांव | 169 |
| 6 | मोरी | हरकीदून प्रोटेक्शन एवं माउन्टेनियरिंग एशोसिएशन, ग्राम सौड़, मोरी, उत्तरकाशी | 09 | औसला, पवांणी, गंगाड, ढाटमीर,लिवाडी, कासला, रेक्चा, फिताडी, सटृडी | 432 | 04 | प्रा0वि0 / जुनीयर हाईस्कूल, ओसला, पवांणी गंगाड ढाटमी, उ0मा0वि0लिवाडी, प्रा0वि0 कासला, हरिपूर फिताडी सडडी | 520 |
| 7 | | तरूण पर्यावरण विज्ञान संस्था, डुण्डा, उत्तरकाशी | 10 | सट्टा, दोणी, भितरी, खन्यासणी, पुजेली, नुराणू, सेवा बरी हडवाडी खन्ना | 228 | 10 | रा0इ0का0, दोणी, प्रा0वि0, सट्टा, दोणी, भितरी, खन्यासणी, पुजेली, नुराणू, सेवा बरी हडवाडी खन्ना | 698 |
| **योग** | | | **65** | | **1824** | **59** | | **3372** |

इसके अतिरिक्त लोक सभा निर्वाचन–2019, आदि कार्य, समय–समय पर अन्य यात्रा/आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण की बैठकों में प्रतिभाग करते हुये उच्चाधिकारियो द्वारा समय–समय पर दिये गये निर्देशों का अनुपालन भी सुनिश्चित किया गया है।

(देवेन्द्र सिंह पटवाल)
आपदा प्रबन्धन अधिकारी,
उत्तरकाशी।

<u>प्रतिलिपिः</u>– निम्नाकिंतों की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

1. अपर सचिव, आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. अधिशासी निदेशक, आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबन्धन केन्द्र, सचिवालय, देहरादून।
3. राज्य समन्वयक, एस0आर0डी0आर0 परियोजना, आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबन्धन केन्द्र, सचिवालय, देहरादून।

आपदा प्रबन्धन अधिकारी,
उत्तरकाशी।